Regarding Tourist Circuit

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख) :** सभापति महोदया, मेरे मिश्रिख संसदीय क्षेत्र की बालामऊ विधान सभा में धार्मिक तीर्थ स्थल हत्याहरण स्थित है, जो कि भगवान श्रीराम से गहरा संबंध रखता है। यह प्रसन्नता की बात है कि केन्द्र सरकार ने ?स्वदेश दर्शन योजना? के तहत भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तथा सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ?रामायण सर्किट? के विकास के लिए तेजी से कार्य प्रारंभ किया है । ?रामायण सर्किट? में भगवान श्रीराम से जुड़े हुए कई प्रमुख स्थान हैं । भगवान राम जहां-जहां से गुजरे थे, इसलिए देश के कई राज्यों में से 15 स्थानों का चयन किया गया है ।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध है कि जिस तरीके से अन्य राज्यों या जिन-जिन स्थानों से प्रभु श्रीराम गुजरे थे, ?रामायण सर्किट? में उनका चयन किया गया है । इसी तरह से हत्याहरण धार्मिक तीर्थ स्थल को भी इस योजना में चयनित किया जाए और इसके समुचित विकास की व्यवस्था की जाए ।